न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, तारानगर (चूरू)

पीठासीन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार (आर.ए.एस.)
ग्रामीण सेवा शिविर 2025 चंगोई

अनुवान विजेन्द्र कुमार बलौदा आदि बनाम राजस्थान सरकार
प्रार्थना–पत्र संख्या –613/2025
निर्णय दिनांक 24/12/25

1. विजेन्द्र कुमार बलौदा पुत्र जयसिंह जाति जाट निवासी चंगोई तहसील तारानगर जिला चूरू
2. सन्तरो देवी पत्नी जयसिंह जाति जाट निवासी चंगोई तहसील तारानगर जिला चूरू

प्रार्थीगण

बनाम

राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार तारानगर जिला चूरू।

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट

–::निर्णय::–

प्रार्थीगण द्वारा ग्रामीण सेवा शिविर 2025 चंगोई में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि खाता संख्या 424 के खसरा नं. 462 तादादी 4.6028 है0, खसरा नं. 501 तादादी 3.0348 है0 रोही ग्राम चंगोई तारानगर में दर्ज रिकॉर्ड है। जिसमें प्रार्थीगण का नाम विजेन्द्रकुमार पुत्र जसुराम एवं सन्तरोदेवी पत्नि जसुराम दर्ज है जो कि गलत है। जबकि सही नाम विजेन्द्र कुमार बलौदा पुत्र जयसिंह एवं सन्तरो देवी पत्नी जयसिंह है। अतः श्रीमानजी से निवेदन है कि नाम शुद्ध कर दर्ज करवाने की कृपा करें।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार तारानगर से जांच रिपोर्ट तलब की गई। तहसीलदार तारानगर से जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र उसके संलग्न दस्तावेजों तथा तहसीलदार तारानगर से प्राप्त जांच रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। तहसीलदार ने अपनी जांच रिपोर्ट में प्रार्थीगण का नाम विजेन्द्रकुमार पुत्र जसुराम एवं सन्तरोदेवी पत्नि जसुराम के स्थान पर विजेन्द्र कुमार बलौदा पुत्र जयसिंह एवं सन्तरो देवी पत्नी जयसिंह किये जाने की अनुशंषा की है।

अतः खाता संख्या 424 के खसरा नं. 462 तादादी 4.6028 है0, खसरा नं. 501 तादादी 3.0348 है0 रोही ग्राम चंगोइ तारानगर के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज प्रार्थीगण का नाम विजेन्द्रकुमार पुत्र जसुराम एवं सन्तरोदेवी पत्नि जसुराम Delete कर इसके स्थान पर विजेन्द्र कुमार बलौदा पुत्र जयसिंह एवं सन्तरो देवी पत्नी जयसिंह अंकित कर राजस्व रिकॉर्ड में दुरुस्ती के आदेश दिये जाते है तथा शेष राजस्व रिकॉर्ड यथावत रखा जाए। निर्णय की प्रति तहसीलदार तारानगर को राजस्व रिकार्ड में अमलदरामद हेतु भिजवाई जावे। पत्रावली फैसला शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 24/12/25 को ग्रामीण सेवा शिविर 2025 चंगोई में लिखाया जाकर सुनाया गया।

Rajendra

राजेन्द्र कुमार (आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
तारानगर (चूरू)

उपखण्ड अधिकारी तारानगर (चूरू)